दिनांक 13, सितम्बर, 2024

प्रेस नोट

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

आज दिनांक 13.09.2024 को अपरान्ह् 03:00 बजे नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में **श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश एवं श्री नीरज कुमार, मुख्य वन संरक्षक, राज्य प्राणि उद्यान, प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश** की गरिमामयी उपस्थिति में **कैनरा बैंक अंचल कार्यालय, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** द्वारा सफेद बाघिन विशाखा का अंगीकरण किया गया।

इस अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशक, श्रीमती अदिति शर्मा, उप निदेशक, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, श्री दिनेश बडोला, केनरा बैंक के महाप्रबन्धक, श्री रंजीव कुमार, सहायक महाप्रबन्धक, श्री मनीश कुमार, डिवीजनल मैनेजर, श्री राजेश कुमार के साथ–साथ प्राणि उद्यान एवं कैनरा बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

सफेद बाघिन विशाखा को 75 दिन के लिए अंगीकृत करते हुए श्री रंजीव कुमार, महा प्रबन्धक, **कैनरा बैंक अचल कार्यालय, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** ने श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को रू0 1,95,000/– का चेक प्रदान किया गया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि वन्य जीवों हेतु प्राणि उद्यान की अंगीकरण योजना अत्यन्त आकर्षक है, जोकि 1994 में आरम्भ की गयी थी। इस योजना के माध्यम से आम जनमानस वन्य जीवों से जुड़कर उनकी सहायता कर सकता है। उन्होंने सफेद बाघिन विशाखा के अंगीकरण हेतु कैनरा बैंक को धन्यवाद दिया।

मुख्य वन संरक्षक, राज्य प्राणि उद्यान प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश श्री नीजर कुमार ने कहा कि इस अंगीकरण योजना के जरिए हम सभी को वन्य प्राणियों के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ की निदेशक, श्रीमती अदिति शर्मा ने वन्य जीवों के अंगीकरण की जानकारी देते हुए कहा कि प्राणि उद्यान में अभी तक कुल 30 वन्य जीवों व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा का अंगीकरण किया जा चुका है और जो भी व्यक्ति/संस्था प्राणि उद्यान के वन्य जीवों का अंगीकरण करता है उन्हें निम्न सुविधाएं प्रदान की जाती है–

1– आयकर विभाग की धारा 80–जी की छूट उपलब्ध है।

2– प्रत्येक अंगीकर्ता का नाम उसके द्वारा अंगीकृत किये गये वन्य जीव को देखने हेतु प्राणि उद्यान आने जाने का विशेष प्रवेश पत्र।

3– सभी व्यक्तियों/संस्थाओं को प्रमाण पत्र दिया जाता है।

4– वन्य जीव सप्ताह के दौरान शीर्ष दस व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित भी किया जाता है।

5– प्रत्येक अंगीकर्ता का नाम सम्बन्धित वन्य जीव बाडे के सामने तथा लखनऊ प्राणि उद्यान की वेबसाइड www.lucknowzoo.com में प्रदर्शित किया जायेगा।

इस योजना से सम्बन्धित धनराशि चेक/ड्राफट/नकद **''डायरेक्टर, प्रिन्स ऑफ वेल्स जुलोजिकल गार्डेन्स ट्रस्ट, लखनऊ''** के पक्ष में सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से प्राणि उद्यान लखनऊ की वेबसाइट www.lucknowzoo.com पर भी सम्बन्धित ई–पेमेन्ट एवं ई–एडोप्शन कर लिंक से आर्थिक सहयोग दिया जा सकता है।

निदेशक महोदया द्वारा कैनरा बैंक अचल कार्यालय, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्राणि उद्यान की सफेद बाघिन विशाखा को अंगीकृत किये जाने हेतु आपको एवं आपकी संस्था को बहुत–बहुत धन्यवाद एवं अनन्त शुभकामनायें। आशा है भविष्य में भी आपकी संस्था द्वारा प्राणि उद्यान को सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

(–ह0)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
प्राणि उद्यान, लखनऊ